## सिकरी व सिरमा पंचायत में आपकी सरकारी आपके द्वार शिविर लगा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पांचवे दिन सिकरी व सिरमा पंचायत में मुखिया प्रभु महतो व इसमत आरा के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन कि गई। शिविर में राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास व सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, पेंशन योजना, के अलावा विभिन्न स्टोल लगाया गया था। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, सीआई अनोज कुमार, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी लाइसरम गोसाई सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया, रिंकू रवि, बीपीओ अरुण पासवान, हीरो महतो, आशीष पासवान, पंसस प्रतिनिधि अरुण कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रकाश कुमार, अनंत कुमार, बुधन कुमार, विवेक कुमार, रोजगार सेवक दीपक कुमार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक व प्राकृतिक सौंदर्य की धनी है गोंदलपुरा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से गोंदलपुरा पंचायत सौंदर्य के धनी है. वही हजारीबाग जिले भर में धान का कटोरा के रूप में गोंदलपुरा पंचायत विख्यात है। यहां के हरियाली बरबस ही लोगों का मन मोह लेता है। चारों ओर पहाड़ों का नदियों से घिरा कटोरा रूपी गांव में धान की फसल की हरियाली देखते ही बनती है।यहां बहु फसली खेती होती है। पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला का कहना है कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के बादम एवं गोंदलपुरा कृषि के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के मामले में पूरे देश भर में काफी महत्वपूर्ण रखता है।क्योंकि यहां सातवीं शताब्दी के गौतम बुध के दर्जनों मूर्तियां बिखरे हुए हैं। इससे प्रतीत होता है पाल वंश के शासन के दौरान यह क्षेत्र बौद्ध इष्ट था। इसका प्रमाण आज भी गोंदलपुरा के गाली के जंगल में अनेकों मूर्तियां देखने को मिलती है।ऐतिहासिक स्थलों में कोयला खदान बनाना इतिहास के साथ अन्याय होने के बराबर होगा।उनका कहना है कि बादम एवं गोंदलपुरा प्राचीन काल में भी प्राचीन मानव की बड़ी सभ्यता रही है।क्योंकि इस क्षेत्र में आज भी गुफाएं मौजूद हैं।मध्यकाल के भी राजा महाराजाओं की किला मौजूद है।क्षेत्र में हरे-भरे जंगल पहाड़ पर्वत जलप्रपात नदियां पर्यटन के लिए काफी महत्व रखता है।ऐसे महत्वपूर्ण स्थल में कोयला खदान खोलना प्राकृतिक के साथ अन्याय होगा।श्री निराला का यह भी कहना है कि बड़कागांव ,बादम, गोंदलपुरा जमीन में इतनी उर्वरा शक्ति हैं कि यहां हर मौसम में खेती की जाती है। ऐसे हरियाली जमीन के कोयला खदान खोलना हम सभी जीवन के लिए अपराध होगा .क्योंकि यह क्षेत्र अनाज सब्जियां के साथ- साथा गुड़ का भी पूरे देश में निर्यात करता है।

## स्कूल रास्ते को लेकर बैठक



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के कोनहारा कला स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्कूल रास्ते को लेकर मुखिया अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। मौके पर स्कूल का रास्ता और भूमि पर हुए अतिक्रमण पर चर्चा की गई। मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठक में विद्यालय के रास्ते के लिए 11 फीट जमीन छोड़ने पर सहमति बनी है। इस पर किसी भी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। जल्द ही स्कूल रास्ते से आवागमन शुरू किया जाएगा। साथ ही विद्यालय परिसर में साफ सफाई पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर है। इसको दूषित नहीं करें। ग्रामीणों के मुताबिक स्कूल रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने कई बार वरीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। लेकिन आज तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। बच्चों को स्कूल आने जाने में हो रही कठिनाइयों से निजात कब मिलेगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा। बैठक में प्रधानाध्यापिका चंपा देवी, एसएमसी अध्यक्ष अशोक पांडेय, सहायक शिक्षक तुलसी प्रजापति, वार्ड सदस्य जहूर अंसारी, जीवन यादव, मुकेश यादव, राजु यादव, मो अंसारी, किशुन यादव, श्यामलाल सिंह, पंकज सोनी, मंसूर अंसारी रामेश्वर रविदास समेत आदि लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने स्कूल का निरीक्षण किया

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार के तहत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पप्पु रजक ने सोमवार को पूर्णानगर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्णानगर (खेशमी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था तथा मध्याह्न भोजन का जायजा लिया। वही विद्यालय में उपस्थित बच्चों से शिक्षकों के द्वारा पठन पाठन ठीक से किया जा रहा है या नही इसकी भी जानकारी ली। साथ ही साथ विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना में अधिक से अधिक छात्राओं को फार्म भरकर लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली



सतगावां। प्रखंड में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयो में एक से उन्नीस वर्ष के बच्चों को कृमि नियंत्रण एल्बेंडाजोल की गोली खिलाया गया। साथ ही कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवहार भी बताए गए। नाखून साफ और छोटे रखें, हमेशा साफ पानी पीएँ, खाने को ढक कर रखें, साफ पानी से फल व सब्जियां धोएँ, अपने हाथ साबुन से धोएँ विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद, आस पास सफाई रखें, जूते, चप्पल पहनें, खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। कृमि मुक्ति दिवस पर प्रखंड संसाधन कर्मी समावेशी शिक्षक सुजित कुमार, उमेश यादव, प्रखंड साधन कर्मी शहजाद आलम, विरेन्द्र कुमार, संकुल साधन सेवी संतोष कुमार ने अहम भूमिका निभायी।

## केपीएस में फ्री मेडिकल चेकअप का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित क्लान्द्रिया पब्लिक स्कूल जलवाबाद में सोमवार को क्लान्द्रिया एसोशिएशन ट्रस्ट के बैनर तले फ्री मेडिकल चेकअप का आयोजन किया गया। फ्री मेडिकल कैम्प का उद्घाटन मनोज कुमार झुन्नू और नौशाद खान ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। दोनों ने ट्रस्ट के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। हाजी अफसर अली ने कहा अपने आस पास साफ सफाई रखें, ताकि हमारा सेहत अच्छा रहे। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी आफताब के द्वारा बताया गया कि क्लान्द्रिया एसोशिएशन ट्रस्ट के द्वारा प्रत्येक माह फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. कुमार सौरभ के द्वारा स्कूल व मदरसे के करीब 70 बच्चों के साथ जलवाबाद मुहल्ले के करीब 40 महिला व पुरुषों का मेडिकल चेकअप कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह के साथ जरूरी दवा उपलब्ध कराया गया। मौके पर मुख्य रूप से कारी आफताब, हाफिज गुलाम मुजाहिदी, इजहार खान, रहमत खान, आरिफ खान, बॉक्सर खान सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।

## झारखंड सरकार पहुंची दुर्गी पंचायत, लाभुकों को मिला कई योजनाओं का लाभ



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत दुर्गी गाँव पहुँची झारखंड सरकार।सरकार के आगमन से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल।सरकार आपके द्वार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी नागेन्द्र सिन्हा उपस्थित रहे।कार्यक्रम की सुरुवात मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के द्वारा दिप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया गया।समारोह के दौरान दुर्गी पंचायत के मुखिया मोकिम आलम पंचायत समिति सदस्य फरीद अंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेटकर किया।समारोह के दौरान सरकार के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।समारोह में बैंक व स्वास्थ्य विभाग की टीम मुस्तैद रही।समारोह को लेकर बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे।समारोह के दौरान लाभुकों को कई योजनाओं से जोड़ा गया साथ ही कई लाभुकों को योजनाओं का प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा कई लाभुकों को स्वरोजगार योजना से जोड़ने के लिए बतख का चूजा दिया गया जिससे वो आत्मनिर्भर बन सके।वही बृद्ध,विधवा व दिव्यांगता पेंसन के लिए सार्थक पहल करती झारखंड सरकार का प्रयास दुर्गी पंचायत में भी दिखाई दिया जहाँ पेंसन के लिए विशेष काउन्टर के जरिए आवेदन जमा हो रहा था।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू हलधर कुमार सेठी,समाज कल्याण पदाधिकारी कनक लता तिर्की,पंचायत सचिव दुर्गी पंचायत किश्टो महतो सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नियमित पढ़ाई नहीं होने पर बिफरे विद्यार्थी, जमकर काटा बवाल




**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आरएम प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चंदा में नियमित पढ़ाई न होने से तंग आकर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सोमवार को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के खिलाफ जमकर बवाल काटा। हाथों में तख्ती लिए विद्यालय के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने रोड मार्च निकाला, जो विद्यालय से निकलकर करियातपुर चंदा चौक होते हुए वापस विद्यालय विद्यालय गेट के पास जाकर धरना में तब्दील हो गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षक शिक्षिकाओं के खिलाफ नारे लगाए। विद्यालय में नियमित पढ़ाई करवाने, अयोग्य शिक्षक शिक्षिकाओ को विद्यालय से हटाने सहित कई मांग करने लगे। इस दौरान विद्यालय के छात्र सुमित कुमार, सतीश कुमार, सुजीत कुमार, मुसैक अंसारी, सुजाता, अंजली कुमारी, शीतल कुमारी, पीयूष कुमार, सौरभ कुमार, आकाश गुप्ता समेत कई विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि शिक्षक शिक्षिका विद्यालय में नियमित पाठयक्रम पढ़ाने में रुचि नहीं लेते, विभिन्न फॉर्म भरने के लिए मनमाना फीस वसूलते हैं, छात्र छात्राओं से पानी भरने, टॉयलेट और टंकी साफ कराने, विद्यालय परिसर की सफाई करने को मजबूर करते हैं। काम नहीं करने पर प्रैक्टिकल में मार्क्स नही देने और नाम काट देने की धमकी दी जाती है।

### क्या कहते हैं शिक्षक

इस दौरान विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शिल्पी कुमारी, शिक्षिका पिंकी कुमारी और सुनिता कुमारी ने विद्यार्थियों के आरोप का खंडन करते हुए बताया कि विद्यालय में नियमित पढ़ाई होती है। कोचिंग के कारण विद्यार्थी हमेशा देर से विद्यालय पहुंचते हैं और अटेंडेंस बन जाने के बाद विभिन्न प्रकार का बहाना बनाकर विद्यालय से छुट्टी लेकर जाने के फिराक में रहते हैं। बच्चे अनुशासित हों, पढ़ाई के पढ़ाई के प्रति एकाग्र हो, हमारा यही प्रयास रहता है। उन्होनें बताया कि विद्यालय में 650 से अधिक विद्यार्थी पर मात्र 6 टीचर है जो पर्याप्त नहीं है। वहीं विद्यालय में चपरासी, गार्ड, सफाईकर्मी की कमी है। विद्यालय के गैर शिक्षण कार्य भी शिक्षको को ही करना होता है। इससे थोड़ी बहुत समस्या आती है। मौके पर पहुंचे अभिभावक और कुछ गणमान्य लोगों ने बच्चों को समझा बुझाकर घर वापस भेजा।

## एसपी को चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा आवेदन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलसाही थाना क्षेत्र के निवासी और हिंदी दैनिक के प्रखंड संवाददाता महादेव दास ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा को आवेदन देकर दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। कहा है कि 15 अक्टूबर 2022 को दोपहर में नवलसाही थाना के समीप नवलशाही पुलिस द्वारा बोल्डर लदे हाईवा से अवैध वसूली किया जा रहा था जिसका संवाददाता द्वारा वीडियो बनाया गया। संवाददाता को डरा धमकाकर वीडियो को डिलीट करने को कहा गया। डिलीट नहीं करने पर झूठा मुकदमा करने का धमकी देते हुए एसआई रंजीत कुमार ने जातिसूचक गाली दी। उसी दिन शाम को नवलशाही थाना प्रभारी के उपस्थिति में एसआई रंजीत कुमार अपने जवान के साथ अवैध महुआ शराब की छापामारी के दौरान महादेव दास पहुंचे तो एसआई रंजीत कुमार ने मोबाइल कैमरा छीनते हुए अपराधी के तरह गाली गलौज करते हुए पुलिस वाहन में जबरदस्ती बैठा लिया। थाना परिसर में भला बुरा कहते हुए कहा कि दोबारा ऐसा फोटो फिर खींचेगा तो तुमको जेल भेज देंगे।

## अभाविप ने संत कोलंबा महाविद्यालय की शैक्षणिक समस्याओं को लेकर दिया धरना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग के द्वारा महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना एवम् प्रदर्शन किया गया। धरना के माध्यम से महाविद्यालय प्रशासन के समक्ष कई मांगों को रखा जो गया। जिसमें यूजी, पीजी में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। महाविद्यालय में शिक्षको की कमी को पूरा किया जाए। महाविद्यालय में शिक्षकेतर कमीयों की कमी को पूरा किया जाय। महाविद्यालय परिसर में सीसीटीवी और वाईफाई की सुविधा को दुरुस्त किया जाए। महाविद्यालय परिसर में एक निश्चित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था किया जाए। हॉस्टल की मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जाए। बीसीए और बायोटेक में सीटो की संख्या बढाई जाए। महाविद्यालय परिसर में शौचालय और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। महाविद्यालय में जिम शुरू किया जाए। धरना प्रदर्शन में छात्र-छात्राओं के आक्रोश को देखते हुवे, विश्वविद्यालय के कुलानुशाशक डॉ मिथलेश कुमार, अध्यक्ष छात्र कल्याण संकाय और महाविद्यालय के उप प्राचार्य विमल रेवेन की उपस्थिति में अभाविप के पदाधिकारियों के साथ वार्ता हुई। जिसमे यूजी और पीजी में 20 परसेंट सीटो की संख्या बढ़ाने पर सहमति बनी। बीसीए बायोटेक में 100-100 सीट करने की सहमति बनी। हॉस्टल के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की सहमति बनी। मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, विभाग संयोजक दीपक देवराज, जिला संयोजक सोनू राय, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, नगर मंत्री प्रभात कुमार, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रितेश यादव, राज प्रिंस गुप्ता, रंजीत पांडेय, सुधांशु रंजन, नगर सह मंत्री यशवंत कुमार, साकेत सिंह, शेखर शर्मा, लॉ कॉलेज इकाई अध्यक्ष रुद्र राज, मनीष कुमार, करण मेहता, वशिष्ट राज, आकाश यादव, दिवाकर नायक, संतोष यादव, हिमांशु सिंह, अंकित भगत, प्रेम कुमार, सोनू, राजदीप यादव, विवेक यादव, शिबू, रंजीत यादव, विशाल गुप्ता, राजीव रंजन, संकेत कुमार, संतोष, सत्यम सिंह, सौरव सिंह, अनमोल, मनीष चौधरी चिन्मय , ऋषभ, अकाश कुमार, हिमांशु कुमार, शिवम कुमार, कबीर, रविंद्र,आशीष, कुंदन, पीयूष, ऋतिक पांडेय,शुभम, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बेहरी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखण्ड के बेहरी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गुंजन कुमारी सिन्हा अंचल अधिकारी, राजेश कुमार एवं 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता (बबलू) बहरी पंचायत के मुखिया पवन कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, एवं 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता (बबलू) के द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह भी कहा गया कि जो भी योग्य लाभुक अबतक योजनाओं का लाभ नहीं ले पाये है वें शिविर मे आकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में आपूर्ति, कल्याण, पशुपालन, पेंशन, मनरेगा, कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, जे०एस०एल०पी०एस०, पेयजल, विद्युत आदि का स्टॉल लगाया गया जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर इसका लाभ लेते देखे गये इस शिविर में मनरेगा के तहत वीर शहीद पोटो-हो खेल मैदान - 02, टी०सी०बी०-01, आम बागवानी 01 और दीदी बाड़ी 16 कुल प्रा०रा० 11,86,162 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई एवं 17 जॉबकार्ड का वितरण किया गया। सवित्री मसोमात पति स्वः सीता राम महतो को बाबा साहेब अम्बेदकर आवास योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की गई। सीमा देवी पति चन्द्रदीप पासवान को प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर लेने के उपरांत गृह प्रवेश कराया गया। जे०एस०एल०पी०एस० के द्वारा खुशी समूह, आरती समूह एवं ज्योति समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत 5,00,000 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। देवन्ती देवी और क्यूम अंसारी को शिविर में ही मृत्यु प्रमाण पत्र दिया गया। 110 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। चिकित्सा विभाग की ओर से 102 लाभुकों का टीकाकरण एवं 104 का चिकित्सा जाँच किया गया। उक्त अवसर पर पुष्पा देवी, विक्रम कुमार सिंह, अनिता देवी, ट्विंकल देवी, लालदेव कुमार, निलम देवी, सागर कुमार, सुधा कुमारी, सुलीन कुमार दास, सुमन देवी एवं रीता देवी वार्ड सदस्य, प्रवीन नाथ, प्र०चि०पदा०, शैल बाला, बा०वि० परि०पदा०, ग्रामीण, दिव्या सिन्हा, बी०पी०एम०, जे०एस०एल०पी०एस०उज्जवल किशोर एवं प्रखण्ड सह अंचल के कर्मी एवं ग्रामीण बिटू सिंह, रामेश्वर महतो, कुलासा महतो, जानकी महतो, शैलेंद्र राम, मनोज पासवान, वीरेंद्र कुमार, सागर कुमार, राजू राम, बेनी महतो, सोनू कुमार, इलियास अंसारी उपस्थित थे ।

## जमीन मालिक को पता नहीं और उसकी भूमि पर बन गया टीसीबी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** मनरेगा योजनाओं में किस प्रकार मनमानी की जा रही है इसका जीता जागता मामला नावाडीह पंचायत के तिलरा में देखने को मिला है जहां बिना जमीन मालिक की जानकारी के उसके भूमि पर रातों रात मशीन लगा कर काम कर दिया गया। लाभुक ने रोजगार सेवक से मिल कर दूसरे के जमीन मे मशीन से टी सी बी बना दिया गया है। जमीन मालिक लक्ष्मण यादव ने डीसी को आवेदन देकर मामले की जांच करवाने और गलत कार्य करने वालों पर करवाई की मांग की है। तिलरा गांव निवासी लक्ष्मण गोप ने दिए गए आवेदन में लिखा है की मेरा जमीन जिसका खाता संख्या 184 प्लाट संख्या 3251 है। जिस पर रोजगार सेवक और मेरे गांव के एक व्यक्ति ने कुछ दिन पूर्व जेसीबी से टीसीबी बना दिया। डीसी से उचित छान बीन कर करवाई की मांग की है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के पुरनानगर पंचायत स्थित सचिवालय के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ पप्पु रज्जक, सीओ राम सुमन प्रसाद, एमओ मो असफाक अहमद, डॉ दिनेश कुमार के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद्य आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे।कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरण की गई तथा 30 लोगों को टीका दिया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया ललिता देवी, देवनारायण यादव, उप मुखिया बबीता देवी, हीरालाल यादव, समाज सेवी अजय यादव, परमेश्वर दास, अनिल यादव, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, अरबिन्द दास आदि प्रखंड कर्मी व अंचल कर्मी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हजारीबाग स्थित सिद्धिदात्री आहार प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री का भ्रमण किया, जहां प्रोडक्शन, फाइनांस, मार्केटिंग और ह्यूमन रिसॉर्स संबंधी अहम जानकारियां विद्यार्थियों को दी गई। सिद्धीदात्री प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक संगीत सोनल ने प्रोडक्ट से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों को दी, साथ ही प्रोडक्शन के पूरे प्रक्रियाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। वहीं प्रोडक्शन मैनेजर बिजेंद्र सिंह ने मौजूद सभी विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई की सलाह देते हुए फैक्ट्री में प्रयोग किए जा रहे कच्चे माल की आपूर्ति से प्रोडक्ट तैयार होने तक के पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया और आने वाले समय में छात्र-छात्राओं के इंटर्नशिप व प्लेसमेंट की भी सुविधा प्रदान करने की बात कही। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने शैक्षणिक भ्रमण को अहम बताते हुए कहा कि दरअसल ऐसे भ्रमण से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ कई प्रैक्टिकल जानकारियां भी प्राप्त होती है, जो उनके भविष्य की बेहतरी में सहायक साबित होता है। इस शैक्षणिक भ्रमण में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के डीन डॉ एसआर रथ, विभागाध्यक्ष रितेश कुमार, प्राध्यापक एसएनके उपाध्याय, अजय कुमार वर्णवाल, उमा कुमारी एवं पूजा सिंह का अहम योगदान रहा।

## स्कूटी से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारा धक्का, घायल

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के मटवारी स्थित फ्रंटियर होटल के समीप एन एच 100 पर रविवार रात्रि स्कूटी से जा रहे युवक को पीछे से ऑल्टो कार धक्का मार फरार हो गया। युवक की पहचान राकेश कुमार मेहता पिता प्रयाग प्रसाद मेहता स्थाई पता ग्राम कारीमाटी, थाना इचाक, वर्तमान पता मटवारी गांधी मैदान के समीप हुई है। युवक के पिता ने बताया की दुर्घटना के बाद से राजेश बेहोश है। उसका रांची के मेडिका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। दुर्घटना में राजेश को माथा, नाक और हांथ में काफी चोट लगी है।

## जीएम इवनिंग कॉलेज में बजट निर्माण प्रक्रिया उद्देश्य और वर्तमान ढांचा पर सेमिनार का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक में बजट निर्माण प्रक्रिया उद्देश्य और वर्तमान ढांचा पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में स्नातक के अर्थशास्त्र विभाग के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस सेमिनार में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में गंगा कुमारी, पिंटू रजक, करीना कुमारी, रोहित कुमार, सैनु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सपना कुमारी, सबा प्रवीण, मधु कुमारी आदि ने बजट की प्रक्रिया पर अपने अपने विचार रखे और बताया कि सरकारी बजट सरकार के अनुमानित आय एवं व्यय का वार्षिक विवरण होता है। बजट का अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सरकार जनहित में अपनी नीतियों का कार्यान्वयन करना चाहती है। नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उसे न्याय करना पड़ता है और इस बैंक को पूरा करने के लिए उसे संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है। इस प्रकार बजट सरकारी नीतियों के कार्यान्वयन का एक साधन है। जब सरकार बजट के अनुरूप तय करती है तो अर्थव्यवस्था के विकास पर उसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र के शिक्षक रत्नेश कुमार राणा, प्रभारी पंकज कुमार, संगम कुमारी, अजय उरांव, रियाज अहमद, अजीत हंसदा, आशीष कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## बीएसएफ मेरू कैंप में लगेगा दिवाली मेला

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19 अक्टूबर को पी एस बैंस, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में मेरू परिसर स्थित एडम ग्राउंड में दिवाली के अवसर पर एक दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में आम जन-मानस की उपस्थिति को इस बार न केवल सुगम बनाया जाएगा अपितु उसमें अपने खान-पान व मिठाई के स्टॉल, खिलौने, कपड़े, पटाखों की दुकान एवं झूले इत्यादि लगाकर भागीदार हो सकेंगे। इस संबंध में सुविधा हेतु एच के पाठक, उपसमादेष्टा (मोबाईल नम्बरः- 7982871380), निरीक्षक (प्रशा) जितेन्द्र कुमार (मोबाईल न0ः- 9149748016) से संपर्क स्थापित कर मेले में स्टॉल लगाने की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। दिवाली मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से सांयकाल 4 बजे तक रहेगा। आने वाले सभी आगंतुको से मेले में अनुशासन के नियमों का सदृढ़ता से पालन करने का निवेदन किया गया है।

## भारत जोड़ो यात्रा हजारीबाग विधानसभा के प्रभारी बनाये गये डॉ आरसी प्रसाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में पार्टी के लिए समर्पित और सेवा भाव से तत्पर रहने वाले कार्यकर्ता एवं हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहे डॉ आरसी मेहता को झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा भारत यात्रा जोड़ों के हजारीबाग विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। हजारीबाग के पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ दीपक सिंह बंधु ने कहा की डॉ आरसी मेहता 2019 में महागठबंधन की ओर से चुनाव लडे एवं दूसरा स्थान प्राप्त किए। झारखंड में यह पहला असफल प्रत्याशी है जिसने असफलता के बाद 100 गुना सक्रियता बढ़ा दीया है। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं इंटक के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा की डॉ मेहता विषम परिस्थिति में हजारीबाग के कांग्रेस ट्रैक्टर रैली को 203 ट्रैक्टर के साथ शहर में शोभा यात्रा निकाले एवं ट्रैक्टर रैली को सफल किए। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण जिला भगत, प्रवक्ता निसार खान आदि शामिल है।

## बादम की सड़कों व गलियों में पानी ही पानी, राहगीरों को हो रही परेशानी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के बादम के मेन रोड से लेकर गली मोहल्लों में पानी ही पानी नजर आ रहा है। बादम के मध्य विद्यालय से लेकर बैंक ऑफ इंडिया तक नदी व तालाब की तरह जलजमाव है।वही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जमाल सगीर के मोहल्ले में जलजमाव है। काली मंदिर से आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के घर जाने वाली रोड में भी बारिश होने पर पानी जम जाता है। सड़कों एवं गलियों में बरसात का पानी जमे रहने के कारण लोगों को आने -जाने में परेशानी होती है। बादम मेन रोड स्थित मध्य विद्यालय के सामने सड़क में विद्यार्थियों एवं राहगीरों को हमेशा गिरते देखा जाता है।हालांकि तत्कालीन मुखिया दीपक दास के नेतृत्व में गत वर्ष सड़क के किनारे नालियों की सफाई की गई थी।कुछ दूर तक नाली भी निर्माण की गई थी।पर सड़क में पानी जमने की समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया।मुखिया सुनीता देवी का कहना है कि मेन रोड में सड़क निर्माण होने से ही पानी जमाव का समस्या दूर हो सकता है।इसके लिए पथ विभाग को भी लिखित सूचना दी जा चुकी है।

## झिकझोर में खस्सी टूर्नामेंट का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झिकझोर में सरना स्पोर्टिंग क्लब द्वारा खस्सी फुटबॉल टूनार्मेंट मैच का आयोजन किया गया।झुमरी तिलैया बनाम बरसो पानी के बीच मैच खेला गया। जिसके विजेता झुमरी तिलैया टीम रही। मौके पर मुख्य अतिथि किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो व अन्य अतिथियों ने किक मारकर मैच का उद्घाटन किया।पंकज महतो ने कहा कि खेल से आपसी भाईचारगी बढ़ती है। खेल से मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है आज के युवा खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। मौके पर केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद महतो, रामकुमार प्रजापति, देवा महतो, देव महतो, दिलीप गंजू, बेसरा जी, मनीष जी आदि लोग मौजूद थे।

## परसाबाद मंडल का चुनाव महामंडल की देखरेख में संपन्न

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** माहुरी वैश्य मंडल परसाबाद के आगामी सत्र 2022 -25 के लिए पदाधिकारियो का चयन हुआ। महामंडल द्वारा गठित टीम मे माहुरी वैश्य महामंडल के महासचिव उमाशंकर चरणपहाड़ी और संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता शामिल थे। जिनकी गरिमामयी उपस्तिथि मे चुनाव सुसंपन्न की गयी। चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए दो ने नामांकन कराया। कुल 79 लोगों ने मतदान का प्रयोग किया जिसमे परसाबाद मंडल के पूर्व सचिव विवेकानंद गुप्ता को कुल 29 मत प्राप्त हुए। जबकि सतीश गुप्ता कुल 50 मत के साथ विजयी घोषित हुए। सचिव पद के लिए दो ने नामांकन कराया, जिसमे सहदेव प्रसाद भदानी को 28 वोट मिले। जबकि परसाबाद मंडल अंतर्गत डंडाडिह निवासी महादेव राम वैश्यखियार 41 वोट लाकर विजयी घोषित किये गए। माहुरी वैश्य महामंडल गिरिडीह के सचिव उमाशंकर चरंपहाडी एवं संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता जी ने मंडल को सुद्दढ़ करने हेतु अपने विचार दिये। चुनावी सभा को नव नियुक्त अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, नवनियुक्त सचिव महादेव राम वैश्यख्यार, पूर्व अध्यक्ष रामकृष्ण भदानी ने भी संबोधित किया। परसाबाद मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता ने शांति पूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए महामंडल की टीम को बधाई दी। केंद्रीय माहुरी नवयुवक समिति के कार्यकारिणी समिति सदस्य अविनाश भदानी ने माहुरी छात्रावास मे दानवीर स्वर्गीय छ्टू राम भदानी एवम् स्वर्गीय दर्शन राम भदानी के आदम कद प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव दिया जिसका समर्थन राम कृष्ण प्रसाद भदानी ने किया।धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सचिव आशीष सेठ ने किया।

## विद्यालयों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 14 विद्यार्थी को एनटीपीसी ने दी छात्रवृत्ति राशि



टंडवा (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने 10 वी एवं 12 वी की बोर्ड स्तर की माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक 2022 में बेहतर प्रदर्शन करने परियोजना प्रभावित गांवों गारिलोंग व टंडवा के तीन विद्यालय में से उत्तीर्ण होने वाले 14 विद्यार्थियों को एनटीपीसी उत्कर्ष छात्रवृति प्रदान किया है। आवासीय परिसर स्थित सभागार में अयोजित कार्यक्रम में छात्रों को तजिंदर गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा यह छात्रवृत्ति 10वी कक्षा की माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण 7 एवं 12 वी कक्षा की उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तिर्ण 7 विद्यार्थियो को प्रदान किया। छात्रवृत्ति योजना में प्रत्येक छात्र को 3000 रुपए की नगद राशि व एक पौध प्रदान किया गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने उम्दा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी और कहा कि एनटीपीसी शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान प्रदान करता रहेगा। अपने स्वागत भाषण में अनिल कुमार चावला, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने एनटीपीसी उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के प्रावधानों पर प्रकाश डाला और छात्रों से अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रखने का आग्रह किया।इस मौके पर कार्यक्रम में दिसेंदु मंडल,जीएम ,प्रचालन व अनुरक्षण धीरज गुप्ता, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन लोकेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आर एंड आर के जीत सिंह संधू, अधिकारी, सी एस आर, महेश मुंडा, मुखिया, कल्याणपुर पंचायत , विश्वजीत उरांव मुखिया राहम, सुखदेव यादव मध्य जिप सदस्य व छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों के अभिभावक उपस्थित थे।

## दस्तक युवा पीढ़ी सह कवि सम्मेलन संपन्न



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कवि संगम झारखंड प्रांत के तत्वाधान में रविवार को होटल शिवम इन में दस्तक युवा पीढ़ी सह कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित व मां शारदे की चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखण्डी ने कहा कि दस्तक युवा पीढ़ी एक ऐसा आयोजन है जो युवा साहित्यकारों को एक बड़ा मंच प्रदान करता है। प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़ ने कहा कि दस्तक युवा कवियों को दिल्ली जाने की दावत देता है। जिन युवा कवियों में प्रतिभा है उनको 15 नवंबर को आयोजित बड़े आयोजन में शामिल होने का मौका मिलेगा। दस्तक में रांची, हजारीबाग, दुमका, धनबाद, जामताड़ा, पलामू, कोडरमा, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, जमशेदपुर सहित अन्य जिलों से 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर सभी नवांकूरों ने कविता पाठ किया। निर्णायक मंडली में चंद्रिका ठाकुर देशदीप, दिनेश रविकर और डॉ शारदा प्रसाद शामिल थें। दस्तक में निर्णायक मंडली द्वारा प्रथम प्रतिभा पाठक, दूसरे स्थान पर जतिन कुमार और तीसरे स्थान पर सचिन कांत झा का चयन किया गया। दस्तक में शामिल सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सुनील कुमार सिंह, आकांक्षा कुमारी, सत्यवेश नीरज, अनिल कुमार सिन्हा, प्राची झा, दीक्षा कुमारी आदि ने कविता का पाठ किया। मंच संचालन रोहित अम्बष्ठ और जीवन कुमार ने की। मौके पर रंजीत कुमार, विकास कुमार झा, चंदेश्वर प्रसाद, विक्रांत कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थें। आयोजन को सफल बनाने में प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश नाजुक, अमित कुमार, सुदीप अग्रवाल, मदन सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## जुबिली कॉलेज में शोकसभा का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज के प्रथम प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह के निधन पर सोमवार को कॉलेज परिसर में शोकसभा का आयोजन हुआ। मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके दास ने स्व. डॉ. एसपी सिंह का परिचय देते हुए कहा कि जुबिली कॉलेज में उनका प्राचार्य के रूप में दिए गए योगदान को महाविद्यालय परिवार आजतक अपने इतिहास के पन्नो में संजोये हुए है। जीवन और मृत्यु मानवीय इतिहास की अवश्यम्भावी घटनाएं है, जिसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु एक महान शिक्षाविद् एवं कुशल प्रशासक की मृत्यु है। श्री दास ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में कॉलेज परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है। शोकसभा में दो मिनट का मौन दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालो में डॉ. एकेएस झा, डॉ. महेन्द्र पांडेय, डॉ. प्रहलाद पांडेय, प्रो. देवप्रकाश प्रशाद, डॉ. एसपी पांडेय, प्रो. एके मिश्रा, प्रो. बाल कृष्णा, प्रो. एनके तिवारी, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. टीके झा, डॉ. विभा रॉय, प्रो. एन पांडेय, प्रो. सुनिल कुमार, डॉ. एसएस पांडेय, डॉ. बी रविदास, प्रो गोपाल विश्वकर्मा, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. अरूण कुमार सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. एमके दास, कुंदन झा, सुरेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह मनोज प्रसाद, भुषण शर्मा, आरडी केशरी, दिपक मुंडा, गायत्री कुमारी, कृष्णा कुमार, सोमनाथ केशरी, महावीर मुंडा, सनी कुमार आदि शामिल हैं।

## जुबिली कॉलेज में मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसमें 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि को नियंत्रित करने वाली दवा ऐल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. आरके दास ने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों पर अनेक हानिकारक प्रभाव होते हैं। इसमें खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, पेट में दर्द, उल्टी, दस्त जैसे समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जो बच्चे आज किसी कारणवश दवा नहीं ले पाये हैं उन्हें 20 अक्टूबर को पुनः दवा खिलाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, डॉ. बी रविदास, प्रो. देव प्रकाश प्रसाद, प्रो. बालकृष्णा, प्रो. एन पांडेय, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. महेंद्र पांडेय, सन्नी, सुशील, अमित, अनुज, विशाल पांडेय सहित दर्जनों विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## चोरों ने घर के बाहर से उड़ा ली ब्रेजा कार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड में चोरों ने एक बार फिर आतंक मचाया है। यहां एक घर के बाहर खड़ी ब्रेजा कार चुरा ली गई। इस मामले में संतोष कुमार रंजन ने सोमवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि उनके घर के बाहर उनकी ब्रेजा कार जेए 24बी 4522 देर रात तक खड़ी थी। लेकिन जब सुबह उठकर देखा तो कार गायब थी। इस मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 260/22 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोगों को मिल रहा है लाभ : ममता देवी



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चाड़ी पंचायत अंतर्गत एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला मे सोमवार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य सरकार द्वारा आमजनों व अधिकारियों को एक साथ जोड़ने का कार्य किया है। इस कार्यक्रम में सुदुरवर्ती पंचायतो में भी अधिकारी पहुंच रहे हैं और आमजनों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। सरकार द्वारा ग्रामीणों को योजना का लाभ पहुंचाने के लिए आपकी सरकार आपके द्वार में आपकी योजना को जोड़ा गया है ताकि आप योजना की जानकारी प्राप्त कर लाभांवित हों। राज्य सरकार द्वारा कई नई योजनाओं की भी शुरूआत की गयी है। सर्वधन पेंशन योजना के तहत सभी को पेंशन योजना का लाभ देना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण देकर लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना, सावित्रि बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से स्कूल के बच्चियों को शिक्षा में सहायता करना सहित इस तरह की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में आकर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठायें। आपकी समस्याओं का समाधान शीघ्र ही किया जायेगा। **परिसंपत्तियों का वितरण-** विधायक ममता देवी व अन्य अतिथियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र, पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र, सुकन्या योजना के तहत स्कूली बच्चियों के स्वीकृति पत्र, लाभुकों को जॉब कार्ड, कंबल सहित कई योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, उप प्रमुख विजय ओझा, एमओ राजशेखर, बीईईओ सहदेव कर्मकार, कनिय अभियंता समीत कुमार, मुखिया नर्गिस मुसर्रत, समाजसेवी बजरंग महतो बीस सूत्री सदस्य एहतेशामुद्दीन अंसारी, आलम अंसारी, गौरीशंकर महतो, माणिक पटेल, कपिल महतो, करण नायक सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### गोला में बनेगा डिग्री कॉलेज, उपायुक्त ने तिरला में भूमि का किया निरीक्षण

# वर्षों पुरानी मांग है डिग्री कॉलेज विधायक ने सदन में उठाया था मामला

अंजनी कुमार



गोला (आजाद सिपाही)। गोला के तिरला कल्याणपुर गांव में डिग्री कॉलेज बनने का रास्ता लगभग साफ होता दिख रहा है। राज्य सरकार के निर्देश पर रामगढ़ के उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को तिरला कल्याणपुर गांव में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त ने भूमि से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी ग्रामीण एवं अंचल अधिकारी से लिया। बताया गया कि रामगढ़ विधायक ममता देवी ने विधानसभा सत्र के दौरान गोला में डिग्री कॉलेज निर्माण से सम्बंधित मामला उठाया था। जिसे सदन में पारित करते हुए निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। सरकार द्वारा स्वीकृति के बाद भूमि संबंधी प्रतिवेदन अंचल के द्वारा जिला भेजा गया। प्रतिवेदन के आधार पर रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, अंचलाधिकारी उदय कुमार, डीटीओ रामगढ़ ने उक्त भूमि का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने उक्त जगह को डिग्री कॉलेज के लिए उपयुक्त बताया। कहा कि यहां डिग्री कॉलेज का निर्माण यहां हो सकता है। इसकी जांच रिपोर्ट सरकार को दी जाएगी। श्री श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट को दान दी गई है 29 एकड़ भूमि तिरला एवं कल्याणपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कल्याणपुर तिरला में खाता नंबर 43 ,प्लॉट 621 जिसका कुल रकवा 29.18डिसमिल भूमि को श्री श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट को 1908 में दिया गया है। इस भूमि को हेरमदगा गांव निवासी बसवार सिंह पिता बंडा सिंह ने दिया था। जिसके बाद से यह जमीन बंजर पड़ा है। पिछले दिनों इस भूमि को कुछ लोग अपना बता कर बेचने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन ग्रामीणों की सूझ बूझ से उक्त भूमि को बचा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर सरकार डिग्री कॉलेज का निर्माण यहां पर ही करवाये। हमलोग कॉलेज निर्माण में हर संभव मदद करेंगे। डिग्री कॉलेज बनने के बाद लाखो छात्र छात्राओं का भविष्य यहाँ बनेगा। साथ ही दर्जनो लोगों को रोजगार मिलेगा। दौरे के क्रम में उपायुक्त ने पुरबडीह सिंगासराय विद्यालय का भी निरिक्षण किया। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो, विधायक प्रतिनिधि माणिक पटेल, कपिल महतो रामप्रसाद करमाली आदि मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण चेतना धूमधाम से मनायेगी गोवर्धन पूजा

चतरा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित नगवाँ मुहल्ला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण चेतना समिति के द्वारा धूमधाम से गोवर्धन पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान गोवर्धन पूजा को लेकर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गोबिन्द गोप को सर्वसम्मति से चुना गया, उपाध्यक्ष कौलेश्वर प्रसाद यादव, सचिव काली चरण यादव, कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव, सह कोसाध्यक्ष शैलेश कुमार, व निर्मल दांगी, वार्ड पार्षद कृष्णा यादव, इन्दर यादव, अजित यादव को संरक्षक, सह सचिव अर्पण कुमार दांगी, एडवोकेट अरुण कुमार यादव, छोटू यादव, अजय यादव, दीपक यादव, पंकज यादव, राहुल यादव, रूपेश यादव, प्रकाश यादव, मुन्ना यादव, अभय यादव, रमेश कुमार यादव, राकेश यादव, मुकेश यादव, मिथलेश यादव, सुनील यादव, बिकाश यादव, किशुन यादव, शिवशंकर यादव, सतीश यादव, प्रिंस यादव, आदि शामिल हुए।

## बोरोबिंग पंचायत मुरुबंदा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बोरोबिंग पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुरुबंदा परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी शामिल हुए शिविर के दौरान प्रखंड में चलने वाले विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में लाभुकों द्वारा सैकड़ों आवेदन दिया गया जिसमें मुख्य रुप से प्रधानमंत्री आवास वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन किशोरी योजना आंगनबाड़ी जल सहिया कृषि शिक्षा स्वास्थ्य विभाग का जगह जगह पर स्टॉल लगाया गया था इसके अलावा मनरेगा से जुड़े योजनाओं का आवेदन प्राप्त किया गया कई दर्जनों विकास योजनाओं के लिए आवेदन लाभुकों ने दिया। इस मौके पर अतिथि ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण लाभुकों को लाभ पहुंचाने के लिए कई योजनाएं चला रही है जिसका लाभ स्थानीय लाभुकों को लेना चाहिए झारखंड सरकार पूरे राज्य में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत योजनाओं का लाभ सीधे गांव तक पहुंचाने का काम कर रही है शिविर में आवेदन देने वालों लाभुकों को तुरंत जांच पड़ताल करो उसे स्थानीय लोगों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है कई बैंकों के द्वारा विभिन्न तरह के ऋण देने का सरकार कर रही है जो एक अच्छी पहल है शिविर में विधायक द्वारा कई लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी द्वारा भी दर्जनों लोगों के बीच शिविर में चयनित लाभुकों को परिसंपत्ति का वितरण किया तथा उन्होंने कहा कि सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को शिविर में आना चाहिए और अधिक से अधिक आवेदन देकर इसका सीधा लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजूर, पंचायत के मुखिया बसंती देवी पंचायत समिति सदस्य सतीश महतो कृषि पदाधिकारी अनिल महतो सुजीत कुमार पंचायत सेवक ब्रह्मानंद पाठक प्रसादी महतो महेंद्र नायक सहित कई प्रखंड कर्मी के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने महाप्रबंधक से की मुलाकात



उरीमारी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में सोमवार को यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बरका सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह को गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं महाप्रबंधक के द्वारा यूनियन का नेतृत्व कर रहे राजू यादव को बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं यूनियन के लोगों ने उरीमारी परियोजना में हो रही समस्याओं को महाप्रबंधक के समक्ष अपनी बातों को रखा। मौके पर बरका सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक ने यूनियन के लोगों को आश्वस्त किया कि उरीमारी परियोजना को जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। परियोजना को बंद नही होने दिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से उरीमारी परियोजना शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू, भुरकुंडा परियोजना शाखा सचिव शिवशंकर पाण्डेय, बिरसा परियोजना सचिव कंचन मांझी, हेंदेगीर परियोजना सचिव मोहन सिंह, विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी पोटंगा सचिव महादेव बेसरा, चरका करमाली,कानू मरांडी, डॉ जी आर भगत, लालू महतो, अजय मिश्रा, महेश गंझू सहित यूनियन के लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग में 8वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चतरा को तीन पदक



चतरा (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में आयोजित 8वी झारखंड राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चतरा जिला के तीन खिलाड़ियों ने पदक पर कब्जा जमाया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में कैडेट वर्ग में कार्तिक गुप्ता ने रजत पदक संदीप यादव एवं अनुपमा राज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। जिला ओलंपिक से मान्यता प्राप्त जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव उमेश कुमार ने बताया कि हजारीबाग में 15 से 16 अक्टूबर 2022 तक राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। चतरा से कोच मैनेजर सहित 9 सदस्य टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में झारखंड से 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें चतरा जिला के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और तीन पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के पदक जीतने पर जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष देवेंद्र पंडित, संरक्षक पंकज कुमार प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, प्रकाश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, सह सचिव रामप्रकाश, सह सचिव सुजीत कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव राकेश सिंह, ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, नसरुद्दीन अंसारी, अवध कुमार राणा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## यूथ कांग्रेस पतरातू प्रखंड कार्यकारिणी की हुई बैठक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। यूथ कांग्रेस पतरातू प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को भुरकुंडा स्थित उत्सव मैरेज हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत कुमारी तुरी ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के हजारीबाग जिलाध्यक्ष प्रकाश यादव, विशिष्ट अतिथि विधानसभा प्रभारी सह जिला महासचिव रितेश तिवारी, जिला महासचिव अंशुलक कुमार व जिला उपाध्यक्ष शंकर टुडू मौजूद थे। मौके पर जयंत तुरी ने यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो का नारा जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवा ही किसी भी पार्टी को और बुलंदियों तक ले जाते हैं। बैठक में कई निर्णय भी लिए गए। मौके पर प्रेमनाथ विश्वकर्मा, सुमित कुमार साव, मेराज अंसारी, मुख्तार अंसारी, अजय पासवान, विनोद मुंडा, शत्रुधन गिरी, उत्कर्स सिंह, राजन सिंह, शशि बाउरी, राजू, रोहित, संजय करमाली, नीरज, राइडर, सोनू आदि मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सेनानी शहीद खैरा मांझी की याद में जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन

संतोष कुमार



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के सुदूर गांव बटुका में सोमवार को ऐतिहासिक जीवन जोड़ी कार्तिक मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने फीता काटकर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में मेला का अपना एक अलग महत्व है । मेले के माध्यम से समाज को एकजुट किया जा सकता है। वही मेले में गांव के ही गणमान्य लोगों ने भी मेले के उद्देश्य के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि ईचापिरी के स्वतंत्रता सेनानी और रामगढ़ के प्रथम विधायक शहीद खैरा मांझी के द्वारा इस मेले की शुरूआत की गई थी ताकि ग्रामीण अपने बच्चों की शादी विवाह की बात इस मेले में आकर कर सके। मेले में रामगढ़ जिला सहित रांची हजारीबाग चतरा जिले के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने शिरकत किया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने एक दूसरे अपने बेटे बेटियों की शादी के लिए प्राथमिक स्तर पर बात शुरू की। इस अवसर पर एक और जहां नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया वहीं दूसरी और राधा कृष्ण के वेश में नृत्यांगना द्वारा ग्रामीणों का मनोरंजन किया गया। इस अवसर पर मेले का भी ग्रामीणों ने खूब आनंद उठाया। और मिठाइयां खिलौना आदि की खूब खरीदारी की गई । मौके पर मुखिया सारो देवी, किशोर कुमार महतो, ममता देवी, सोना राम मांझी, उदय अग्रवाल, थामस बरला, सुधीर कुमार ठाकुर कामेश्वर महतो, अर्जुन सिंह, एनुल हक, नईम अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मानसिंह दौलत सिंह चंद्रदेव सिंह धनंजय कुमार खरवार राजेंद्र गंजू अशोक ठाकुर मनोज भोक्त, गुज्जर गंझु, बसंत ठाकुर, विनोद मांझी, भरत मांझी, मुनेश्वर ठाकुर ,महेश सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कुजू दक्षिणी व पूर्वी पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



कुजू (आजाद सिपाही)। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू दक्षिणी और पूर्वी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता नेल्सन इयोन बागे ने शिविर में विभिन्न स्टॉल का जायजा लेते हुए मौजूद अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वही, कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीआई सुरेश वर्णवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम को लेकर विभाग की ओर से पीएम आवास, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कृषि - उद्योग, राशन कार्ड, मेडिकल समेत कई अन्य स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान कई वक्ताओं ने सरकार के योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को लाभ उठाने की अपील की। साथ ही, प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर बीडीओ सुधीर प्रकाश, सीओ जय कुमार राम, पूर्वी मुखिया ललिता देवी, दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, राजकुमार महतो, संतोष साहू, नरेश हांसदा, डॉ बीएन दुबे, विजय राम, कृपाल कच्छप, राजकुमार साव, नीलम देवी, रेखा देवी, मीना अग्रवाल, सरिता सहाय, रंजीत रजक, नागेश्वर ठाकुर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## करमा में प्रतिबंधित मांस बरामदगी मामले में तीन पर नामजद मामला दर्ज, छापामारी जारी



कुजू (आजाद सिपाही)। करमा स्थित मुस्लिम मोहल्ला के एक आवास से 50 केजी से अधिक प्रतिबंधित मांस बरामदगी मामले में कुजू पुलिस ने तीन नामजद व बाइक मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर छापामारी शुरू कर दी है। वही, मांडू (कुजू) थाना कांड संख्या 247/22 के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोपियों में करमा निवासी नईम अंसारी व शमीम अंसारी (दोनों के पिता सहदुल अंसारी) और इम्तियाज अंसारी पिता इसहास अंसारी शामिल हैं। इधर, पुलिस द्वारा जब्त प्रतिबंधित मांस को जंगल में गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। वहीं, पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को यथाशीघ्र धर दबोचने के लिए गहन छापामारी अभियान शुरू किया गया है। गौरतलब है कि गत रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर कुजू पुलिस ने करमा मुस्लिम मुहल्ला में छापामारी किया था। छापामारी के दौरान वहां के एक आवास से 50 केजी प्रतिबंधित मांस, मांस काटने में प्रयोग होने वाले चार बड़े छुरे, एक कुल्हाड़ी सहित दो बाइक बरामद किया गया था। जिनकी डिक्की में करीब 10 - 10 किलो मांस थैले में भरकर रखा हुआ था।

## वाहन जांच में 18500 जुर्माना वसूला

गोला (आजाद सिपाही)। थाना गेट के पास सोमवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बाइक चालक एवं चार पहिया वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया। जिसमें 20 वाहन चालकों से 18 हजार पांच सौ रुपये का चालान काटा गया। इसकी जानकारी एएसआई सिद्धेश्वर मुर्मू ने दी। जांच अभियान में बीपुल कुमार, प्रताप सिंह, अजीत मेहता सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## स्थानीय संवेदकों ने न्यू बिरसा में की बैठक



उरीमारी (आजाद सिपाही)। बरका सयाल क्षेत्र के स्थानीय संवेदकों ने सोमवार को न्यू बिरसा मे किया बैठक। जिसकी अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष सूरज बेसरा के द्वारा किया गया। उपरोक्त बैठक में सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि उरीमारी परियोजना बिरसा परियोजना क्षेत्र के सिविल कार्य में बरका सयाल क्षेत्र के बाहरी ठेकेदारों को कार्य नही करने दिया जायेगा। अगर कोई बाहरी ठेकेदार एल वन करके आता है तो उसे स्थानीय ठेकेदार संघ द्वारा कार्य नही करने दिया जाएगा। वहीं रैयत विस्थापित मोर्चा के बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा ने कहा कि विस्थापित अपना जमीन देकर कंपनी के हित में काम करते आ रही है। इसके बावजूद यहां के युवा विस्थापित बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। इन्हें स्थानीय ठेका कार्यों में पूर्ण भागीदारी मिलनी चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, बिनोद हेंब्रम, जागेश्वर गोप, महावीर साव, भोला साव, चुरामन ठाकुर, जय कुमार महतो, कुलदीप साव, लालधारी साव,राजपति कुमार, गोवर्धन साव,सहबीर हेंब्रोम, सुरेश हेंब्रोम, अखिलेश सिंह आदि मौजूद थे।

## कबरा में सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के कबरा पंचायत में सोमवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ रंथू महतो,सीओ विजय कु दास,मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,उतरी जिप सदस्य देवंती देवी,मुखिया नीलेश ज्ञानसेन,सरपंच नितेश राणा,उप प्रमुख जितेंद्र सिंह,कॉंग्रेस नेता रवीन्द्र सिंह,ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंचायत के अलावे आसपास के ग्रामीण,जनता बुद्धिजीवी,समाजसेवी,गरीब असहाय सरकार द्वारा लगाया गये शिविर में सभी प्रकार की विभागीय स्टॉल में अपनी समस्या का दस्तावेज देकर त्वरित निषादन कराया।इस मौके पर जानकारी देते हुये बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि विभिन्न विभागों से आये कुल 910 मामलों में 868 मामले त्वरित निष्पादित किया गया। शेष बचे 42 आवेदनों को ब्लॉक में जांचोपरांत समाधान करने बात कहि,उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यक्रम में सबसे अधिक राशन कार्ड में नाम दर्ज एव वृद्ध एव विधवा पेंशन,प्रधान मंत्री आवस योजना,स्वास्थ्य एव पोषण के अलावे अन्य विभागों का आवेदन आये। ग्रामीण भरपूर उत्साहित होकर लाभान्वित लिया है,वही जनता ने कई मामलों का समाधान पाकर खुशी महसूस किया।तथा सरकार को आभार जताया। जनप्रतिनिधियों सहित आमलोगों का भी इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग किया। इस मौके प्रयाग दास,मोहन राणा,आरजेडी नेता नीरज तिवारी,ब्लॉक कर्मी परवेज आलम,छोटू कुमार,गणेश सिंह,सुरेन्द्र सिंह,समेत सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्तिथ हुये।

## डीएमओ ने छोटेलाल करमाली की मौत वाली अवैध कोयला उत्खनन सुरंग का लिया जायजा

कुजू (आजाद सिपाही)। जिला खनन पदाधिकारी नितेश गुप्ता सोमवार को कुजू कोलियरी स्थित अवैध कोयला उत्खनन के दौरान छोटेलाल करमाली की मौत के मामले में घटनास्थल पहुंचकर सुरंग का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से घटना स्थल सुरंग और मृतक छोटेलाल करमाली के संबंध में जानकारी ली। बताते चलें कि छोटेलाल करमाली की मौत के बाद पुलिस - प्रशासन व सीसीएल विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। वही, डीएमओ नितेश गुप्ता ने कुजू क्षेत्र के कुजू व हेसागढ़ा परियोजना अंतर्गत अवैध कोयला उत्खनन मुहाना का जायजा लिया। उन्होंने कहा की मंगलवार से क्षेत्र के अवैध कोयला उत्खनन सुरंगों को डोजरिंग अभियान के तहत अपनी देखरेख में बंद कराने की बात कही। उन्होंने घटनास्थल के अलावे लोहागेट और हेसागढ़ा अवैध कोयला उत्खनन सुरंगो को देखा।

## दोतल्ला पंचायत में मना कृमि दिवस, बच्चों को दी गयी एल्बेंडाजोल की खुराक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में सोमवार को राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया गया। इस दौरान पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी की देख-रेख में 01 से 19 आयु वर्ग तक के दर्जनों बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि बच्चों के पेट में कृमि हो जाने के कारण वे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं, जिससे बच्चों को समुचित रूप से शारीरिक विकास नहीं हो पाता हैं। इसलिए समय पर कृमि कि दवा लेना आवश्यक है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, सहिया रंजू सिंह, तिलोतमा तिवारी, आंगनबाड़ी सेविका प्रेमी सलोमी तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, सहायिका शकुंतला देवी, मीरा देवी आदि सहित दर्जनो बच्चे मौजूद थे।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नवागढ़ पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर लगाया गया शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कल्याण पदाधिकारी बिंदेश्वरी ततमां, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, प्रमुख परशुराम लोहरा अशोक पांडे मुखिया परवेश उरांव के द्वारा संयुक्त रूप शिविर का उद्घाटन करने के उपरांत अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं



के दर्जनों लाभुक को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। शिविर का संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा गांव के लोगों को स्वावलंबन की राह पर ले जाने को लेकर कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाये जा रही है ।संबंधित विकास योजनाओं का लाभ योग्य एव जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके इसी उद्देश्य के साथ प्रशासन आपके गांव तक आयी है। आप सभी सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वालंबन की राह पर चले। वही जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाए जाने से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सीधा ग्रामीण को मिलेगा। जिला प्रशासन गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से सीधा रूबरू हो कर। उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आगे उन्होंने ने कहा कि शिविर में जैसलपीएस पीएम आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं। आप लोग आवेदन देकर सीधा इसका लाभ ले सकते हैं इस कार्यक्रम में पंचायत समिति मुखिया रोजगार सेवक स्वयंसेवक समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

भूतपूर्व सैनिकों की बैठक, समाज सेवा के लिए बनी सहमति

# फौजी भाई के परिवार को मिलेगा हर संभव मदद : डॉ टी साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड मुख्यालय में समीप भूतपूर्व सैनिकों की बैठक हुई। जिसमें अध्यक्ष धर्मराज महतो ने कहा हमारा ट्रस्ट भूतपूर्व सैनिकों का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का है। हम पहले देश की सेवा करते रहे, आज हमने पूरे समाज की सेवा करने के लिए बीड़ा उठाया है और हर हम संभव समाज कल्याण में कार्य करते हैं और कार्य करते रहेंगे। संरक्षक डॉक्टर टी साहू ने कहा कि संस्था को चलाने के लिए पैसा की जरूरत है और ₹25000 ट्रस्ट को देकर कहा कि हम सभी भाइयों बहनों का ट्रस्ट में अनुदान देकर समाज कल्याण में सहयोग करें एवं जो भी हमारे सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले रिटार्यड फौजी भाई है उन तक हमारी सोच और हमारा सहयोग हरसंभव मिल सके एवं हम उनको अपना परिवार बना सके ताकि सुख दुख में ट्रस्ट सभी को काम आवे। ज्ञान साहू ने कहा कि बिना सोचे समझे किसी को भी अपना डॉक्यूमेंट ना दें क्योंकि आजकल बहुत फ्रॉड की घटना होती है। हमारे डॉक्यूमेंट ही सब कुछ है। संरक्षक सहदेव उरांव ने कहा हमारे ट्रस्ट को हर संभव आगे बढ़ाना है। हमारे जो डॉक्यूमेंट की व्यक्तिगत समस्या होगी, ट्रस्ट के द्वारा उस समस्या का समाधान करने की कोशिश की जाएगी। बैठक में सहदेव उरांव, डा टी साहू, जगजीत उरांव, लक्ष्मण कुमार साहू, कलिंदर साहू, सुनील राम, अशोक साहू, मंगरा उरांव, सुजीत उरांव, रामचरित्र भगत, सुरेश भगत, ज्ञान कुमार, तितरू उरांव, सहदेव भगत, अमितेश उरांव, कार्तिक गोप, आनंद कुमार सोनी, पवन टिग्गा, और सचिव गोकुल उरांव समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

# दुर्गंध से जनता और कर्मचारी परेशान परंतु प्रबंधन की अनदेखी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 बेड का अस्पताल है वही चंदवा का मात्र एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है जिसमें लगभग डेढ़ लाख आबादी का धरोहर भी माना जाता है देखा जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग एक सौ से ऊपर मरीज ओपीडी में जाते हैं वही मरीज भर्ती होने की संख्या 5 से 10 होती रहती है कई प्रकार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर महीना ट्रेनिंग भी दी जाती है परंतु अस्पताल में शौचालय टंकी का दुर्गंध इतना जोर होता है की अस्पताल परिषर में रहना मुश्किल लगता है देखा जाता है कि टंकी से दुर्गंध तो होती ही है परंतु उसका पानी भी इधर उधर निकलते रहता है अगर दीवाल नहीं हो तो टंकी का पानी अस्पताल परिसर में घुस जायेगा जिससे बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा ऐसी स्थिति को देखते हुए भी अस्पताल प्रबंधन चैन की निद्रा में सो रही है और दुर्गंध भी स्वयं लेती रहती है अस्पताल परिसर में घुसते के साथ ही मरीज और अस्पताल कर्मचारी अपना नाक बंद कर लेते दिखाई देते रहते हैं कई बार तो ऐसा होता है की बहुत दुर्गंध होने पर अस्पताल के प्रबंधन के द्वारा टंकी के आस पास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करा दिया जाता है कुछ देर तो दुर्गंध शांत रहती है परंतु दुर्गंध फिर दोबारा शुरू हो जाता है केंद्र में व्यक्ति स्वस्थ्य होने जाता है पर कुछ लोग बाहर निकलने के बाद यह भी कहते हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में आदमी और बीमार पड़ जायेगा। कई बार प्रबंधन को सूचना के बाद भी शौचालय की टंकी को ठीक नहीं कराया जाता है जो दुर्भाग्यपूर्ण है भारत सरकार स्वच्छता अभियान चलाती है परंतु स्वच्छता तो अस्पताल में ही नहीं दिखाई देता है। वहीं शौचालय टंकी के ठीक बगल में ही ओपीडी देखा जाता है मरीज और मरीज के साथ है गये अटेंडेंट भी अस्पताल प्रबंधन को कई बार व्यक्तिगत इस दुर्गंध के बारे में कहते है परंतु अस्पताल प्रबंधन चयन की निद्रा में सोई हुई रहती है लातेहार सिविल सर्जन और लातेहार उपायुक्त से कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शौचालय टंकी को दुरुस्त करा कर दुर्गंध से निजात दिलाने का कृपा की जाए।

## एनएसयूआइ के छात्र जोड़ो अभियान में जुड़े 170 नये सदस्य

**लोहरदगा।** एनएसयूआई के बैनर तले कार्यकारी जिला अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में छात्र जोड़ो अभियान कार्यक्रम तीसरे दिन सफलतापूर्वक बीएस कॉलेज में चलायी गयी। इस अभियान मे 170 नए लोग सदस्य बने। जिसमें छात्र-छात्राओं को एनएसयूआई के बारे में बताया गया कि एनएसयूआई विद्यार्थियों के हितार्थ के लिए हमेशा काम करते रही है, कभी भी विद्यार्थियों को किसी प्रकार का दिक्कत या परेशानी होती है तो एनएसयूआई के सदस्य और पदाधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष विनय उरांव विद्यार्थियों से आग्रह करते हुए कहा कि बीएस कॉलेज लोहरदगा जिला का एकमात्र डिग्री कॉलेज है। जिसमें बहुत सारी समस्याएं है जिससे विद्यार्थियों को झेलना पड़ता है और मूलभूत सुविधाएं की अत्यंत कमी है। नामांकन सीट की सीमित होने के वजह से नए विद्यार्थियों को नामांकन के लिए भी बहुत समस्या हो रही हैं।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददात

**लोहरदगा।** राज्य सरकार द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में आज आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा जिला के चार प्रखंडों में आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड में यह कार्यक्रम चिरी पंचायत के संजय गांधी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, प्रखंड के वरीय प्रभारी व अन्य पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा अंतर्गत 23 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर सांकेतिक रूप से पांच छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत पांच-पांच हजार रुपये की अनुदान राशि, तीन लोगों को सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्थापेंशन योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-



आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज सेन्हा प्रखंड के भड़गांव पंचायत स्थित रा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैदान, सदर प्रखंड लोहरदगा के हेसल पंचायत स्थित उत्क्रमित विद्यालय के समीप और भंडरा प्रखंड के बाजारटांड़ में भी किया गया। सभी स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने एलईडी स्क्रीन में मुख्यमंत्री का जीवंत संदेश सुना व देखा जिसका सीधा प्रसारण बोकारो जिला से किया जा रहा था। मुख्यमंत्री आज बोकारो जिला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। लोहरदगा जिला में आयोजित सभी कार्यक्रमों में पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, हरा राशन कार्ड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, केसीसी, प्री एवं पोस्ट- मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं सर्वजन पेंशन योजना की जानकारी दी गयी। प्रत्येक पंचायत के कार्यक्रम में सभी योजनाओं के 16 स्टॉल लगाये गये थे।

# एथलीट मीट में बी एस कॉलेज लोहरदगा ने लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलीट मीट में बीएस कॉलेज लोहरदगा के विद्यार्थियों ने खेल प्रभारी प्रो. आनंद माझी के नेतृव में अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें हिंदी विभाग की छात्रा अनिता कुमारी ने 1000 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजनीति विभाग के छात्र विकास कुमार महतो ने 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान की ही छात्रा मोनिका




कुमारी ने 10000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नागपुरी विभाग की छात्रा आकृति कुजूर ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान की सुराखी कुमारी ने 1500 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 400 रिले दौड़ में बीएस कॉलेज लोहरदगा तृतीय स्थान पर रहा। इधर कॉलेज पहुंचने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत हुआ एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोअर्जुन लाकड़ा के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया उसके बाद प्राचार्य कक्ष में सभी विजई खिलाड़ियों ने प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता को मेडल समर्पित किया। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज प्रशासन खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध तथा हमेशा खिलाड़ियों के साथ है। डॉ शशि गुप्ता ने खिलाड़ियों का मुंह मीठा कराते हुए कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों पर कॉलेज को गर्व है और कॉलेज उनकी प्रतिभाओं को तराशने का हरसंभव प्रयास कर रहा है हम खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर कॉलेज के बरसर प्रो नईम खान, डॉ अजीत गुप्ता, सुरेश प्रसाद, प्रो मनीष मिश्रा, डॉ अजय प्रताप वर्मा प्रो अनिकेत पीयूष डॉ मनोहर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिला, छलके आंसू



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के कड़ाक गांव की रहनेवाली महिला इग्नातिपुस मिंज के आंसू उस वक्त छलक पड़े जब उन्हें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेशंन योजना अंतर्गत पति सिमोन मिंज के नाम स्वीकृति पत्र को लेने के लिए मंच पर आना पड़ा। मंच था आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का। यह कार्यक्रम आज कुडू प्रखण्ड के चिरी पंचायत में आयोजित किया गया था। इस महिला ने बताया कि पति बीमार हैं। कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत आवेदन फार्म भरा था जो आज कार्यक्रम में स्वीकृत हो गया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। आज पति बीमार हैं जिस वजह से वे कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो सके।

## चिरी में आयोजित कार्यक्रम का मिला लाभ



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत स्थित संजय गांधी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में आज कुडू प्रखंड निवासी फरहत परवीन को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत पांच हजार रुपए का अनुदान मिला। फरहत ने राज्य सरकार की ओर से मिले इस अनुदान के लिए माननीय मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि वे अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रखेंगी। भविष्य में पढ़ाई लिखाई कर डॉक्टर बन लोगों की सेवा करना चाहती हैं। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला शक्तिकरण, किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना है। इसमें कक्षा 8वीं में ढाई हजार रुपये, कक्षा नौवीं में ढाई हजार रुपए, कक्षा 10वीं में पांच हजार रुपये, कक्षा 11वीं में पांच हजार रुपये, कक्षा 12वीं में पांच हजार रुपये और 18-19 वर्ष के आयु की किशोरी को एकमुश्त 20 हजार रुपए अनुदान राज्य सरकार दे रही है।

## डीसी ने कोल परियोजना का किया निरीक्षण



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल की तेतरियाखाड़ कोल परियोजना का निरीक्षण लातेहार जिला डीसी भोर सिंह यादव ने किया। इस दौरान उन्होंने कोलियरी क्षेत्र में हो रहे खनन कार्यों के साथ-साथ खनन कार्यों में आ रही बाधा के अलावे मूलभूत सुविधाओं को देखा। इस दौरान क्षेत्र में कोलियरी खुले 30 वर्ष होने के बाद भी क्षेत्र में फैले समस्याओं पर उपायुक्त ने आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से कहा कि आपने आज तक इस क्षेत्र के लोगों के सुविधा लिए क्या-क्या कार्य किए। जिस बात पर सीसीएल प्रबंधन सटीक जवाब नहीं दे सका और इसे देखते हुए जिला डीसी ने कोल परियोजना प्रबंधन से मूलभूत सुविधाओं को क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।उन्होंने कहा कि जब तक आप इस क्षेत्र की जनता की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर तरीके से नहीं देंगे तब तक क्षेत्र की जनता आपसे खुश नहीं रह पाएगी। मौके पर कोलियरी के महाप्रबंधक बासव चौधरी ने जिला डीसी से कोल परियोजना के खनन कार्य एवं एवं भूमि संबंधित कार्यों में आ रही अड़चन से निदान कराने की मांग की। मौके पर जिला डीसी भोर सिंह यादव, एसडीएम शेखर कुमार, जिला अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कक्षप, कोलियरी के महाप्रबंधक बासव चौधरी, कोल परियोजना के परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, विस्थापित नेता गिरधारी यादव समेत कई लोगों ने कोल परियोजना परिसर में पर्यावरण को बनाए रखने के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया। मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला, सीओ आफताब आलम, सीसीएल के कई अधिकारी के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण और समाजसेवी मौजूद रहे।

# जूही परवीन करेंगी अब सपने को साकार, मिला सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जूही परवीन महिला महाविद्यालय, लोहरदगा की छात्रा हैं और लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड के चिरी ग्राम की रहनेवाली हैं। कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत स्थित संजय गांधी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आज जूही को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इसके अंतर्गत जूही को पांच हजार रुपये का अनुदान मिला। जूही ने बताया कि पिता पेशे से ऑटो ड्राईवर हैं और बेटी को



शिक्षिका बनाना चाहते हैं। जूही कक्षा 11वीं की छात्रा हैं और कला संकाय से पढ़ाई कर रही हैं। उनका भी सपना है कि खूब पढ़ लिख कर अपने पिता का नाम रौशन करें और घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। विद्यालय में पढ़ाकर आनेवाली पीढ़ियों का भविष्य संवारें। जूही ने इस आर्थिक अनुदान के लिए माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला शक्तिकरण, किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना है।

इसमें कक्षा 8वीं में ढाई हजार रुपये, कक्षा नौवीं में ढाई हजार रुपये, कक्षा 10वीं में पांच हजार रुपए, कक्षा 11वीं में पांच हजार रुपये, कक्षा 12वीं में पांच हजार रुपए और 18-19 वर्ष के आयु की किशोरी को एकमुश्त 20 हजार रुपए अनुदान राज्य सरकार दे रही है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह पंचायत सचिवालय के जगह प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रमुख सुशीला देवी उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, बरवाडीह मुखिया, कालो देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि की मौजूदगी में की गयी। जंहा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों




की समस्या सुन व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया गया। शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गये थे। सरकार की योजना की जानकारी दी गयी। वही शिविर में स्वास्थ्य जांच, कोविड-19 टीकाकरण भी किया जा रहा था। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरान्त दिया जायेगा।

**फार्म का भी लगा पांच पांच रुपये शुल्क :** प्रखंड कार्यालय परिसर के बाहर लगे आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के स्टॉल मे ग्रामीणों से फार्म का भी पांच पांच रुपए लिया गया इस दौरान फागुनी कुंवर ने बताया कि सरकार कहेला का फार्म फ्री में मिली लेकिन इहां त ब्लोकवा के गेटवा के सामने ही फार्म के पांच पांच रुपया लेवत बा इनके अलावा और भी ग्रामीणों ने इस तरह का आरोप लगा और उसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुए उन दुकान लगाए लोगों को फटकार लगाते हुए भगाया गया।

# डीलरों को कम आवंटन, बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र में संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों में आपूर्ति विभाग की ओर से प्रति माह व्यवहारिक राशन कटौती कर आवंटन दिये जाने से खाद्यान्न वितरण करने में डीलरों के पसीने छूटने लगा है। बता दें कि किस्को प्रखंड अंतर्गत खुशबू महिला मंडल हिसरी,अनमोल महिला समिति हिसरी, सावित्री फूल महिला मंडल बेटहट, चांदनी महिला समिति उपर हिसरी, सहिया महिला मंडल खरकी, सरना महिला मंडल अरेया, नैतिक महिला मंडल देवदरिया, करूणा बागे महिला मंडल देवदरिया, ज्योति महिला मंडल देवदरिया, मदर टेरेसा महिला मंडल देवदरिया, छोटानागपुर महिला मंडल मेरले, सद्भावना महिला समिति मेरले, झारखंड विकास महिला मंडल मेरले, पूजा महिला समिति बेटहट, चांद महिला मंडल अरेया, नूरी महिला मंडल अरेया, झारखंड महिला मंडल अरेया, गौसिया महिला मंडल अरेया, अब्दुल्ला खान चरहु के अलावा दो पीटीजी को मिलाकर कुल 54 जन वितरण प्रणाली की दुकान किस्को प्रखंड क्षेत्र में संचालित है। जिन्हें यूनिट के आधार पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध नहीं होने से खाद्यान्न वितरण करने में प्रति माह विभागीय दंश झेलना पड़ रहा है। बावजूद डीलरों की समस्याओं को दूर करने में सरकार और आपूर्ति विभाग किसी प्रकार का कोई दिलचस्पी नहीं दिखा पा रही है। जिससे डीलरों में नाराजगी बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरकी में संचालित जन वितरण प्रणाली की दुकान सहिया महिला मंडल को माह सितंबर में 72.30 क्विंटल चावल आवंटन के बदले 47 क्विंटल आवंटन दिया गया जिससे डीलर को खाद्यान्न वितरण करने में पसीने छूट गया। दुकानदार ने बताया कि 25 क्विंटल 34 किलोग्राम चावल कटौती कर आवंटन दिया गया है। वहीं 8 क्विंटल गेहूं की कटौती किया गया है। जिससे कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न वितरण करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में सहिया महिला मंडल जन वितरण प्रणाली दुकान की सचिव सुरेशा खातुन ने बताया कि माह सितंबर में कम आवंटन मिलने पर समिति की ओर से स्वयं से तेरह हजार रुपये का चावल खरीददारी कर कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यदि यूनिट के आधार पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बाध्य होकर दुकान को बंद करना हमारी मजबूरी बन जायेगी। इधर अन्य जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का कहना है कि सरकार आये दिन नये-नये नियम लागू कर डीलरों को सही तरीके से खाद्यान्न वितरण किये जाने से सरकारी बंधन में बांधने और डीलरों को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है। डीलरों का कहना है कि यदि आगे यही आलम रहा तो मजबूरन अपना दुकान को बंद कर मजदूरी कर स्वयं और अपने परिवार वालों का जीविकोपार्जन चलाना सुनिश्चित कर लेंगे लेकिन ऐसी बोझ जो हमे बरबादी की ओर धकेल दे नहीं सह सकते हैं।

साथ ही डीलरों का यह भी कहना है कि सरकार और आपूर्ति विभाग हम सभी डीलरों को कार्डधारियों के बीच उनका शत प्रतिशत हक अधिकार दिलाने हेतु यूनिट के आधार पर खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराए तो कभी भी किसी प्रकार की समस्याएं उत्पन्न नहीं होगी।

## युवक का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काडीह लोहरा टोंगरी के समीप से घाघरा पुलिस ने लगभग 35 वर्ष से युवक का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लोग मवेशी चराने के लिए गये तो खेत पर पड़ा शव को देखा। जिसके बाद सूचना घाघरा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान बड़काडीह ग्राम निवासी गुरुचरण लोहरा (बहुरा लोहरा) के रूप में किया गया। इस संबंध में मृतक की मां कंदईन देवी ने बताया कि बहुरा 13 अक्टूबर की रात से लापता था। 13 अक्टूबर को घर के सभी लोग रात में सोये हुए थे। इसी दौरान रात्रि लगभग 11:30 बजे बहुरा अपना रूम का दरवाजा खोला और बाथरूम गया। दरवाजा की आवाज सुन मां की नींद खुल गयी। काफी देर तक बहुरा अपना रूम नहीं आया तब जाकर मां बाथरूम में देखी तो सिर्फ टॉर्च जल रहा था बहुरा का कहीं अता पता नहीं था। जिसके बाद सुबह से खोजबीन में परिजन जुट गये पर कहीं पता नहीं चला अंत में बहुरा के भाई बबलू लोहरा ने बीते रविवार को घाघरा थाना में अपने भाई के गुमशुदगी का आवेदन दिया और पुलिस से खोजबीन का गुहार लगायी। सोमवार की सुबह उक्त स्थल पर शव होने की सूचना मिली। जिसके बाद जाकर देखा तो पता चला कि उक्त शव बहुरा लोहरा का ही है। घटना के बाद पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने बताया कि मृतक के भाई के द्वारा रविवार को गुमशुदगी का आवेदन मिला था जांच किया जा रहा था। इतने में सुबह पता चला कि शव है जिसके बाद जाकर देखा गया तो उक्त शव बहुरा लोहरा का ही था। घर वालों ने बताया कि बहुरा नशे की हालत में रहता था और पिछले चार-पांच दिनों से उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। धन्यवाद ज्ञापन नीलांबर साहू ने किया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का किया आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के बरवेनगर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। आपकी योजना आपका सरकार सरकार आपके द्वार का आयोजन बरवेनगर पंचायत के पंचायत भवन में संपन्न हुआ। जिसमें पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा वही प्रखंड प्रशासन के द्वारा अलग विभागों के स्टॉल लगाकर अपनी अपनी योजनाओं से संबंधित जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही साथ लोगों के कई समस्याओं का निस्पादन भी ऑन द स्पॉट किया गया। मौके पर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थिति लोगों से कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याओं को खुलकर रखे आपके द्वारा दिये गये आवेदनों को स्वीकृति दी जायेगी। वही मौके पर अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि राशन कार्ड, भूमि सुधार, लगान रसीद, सर्वधन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना से संबंधित आवेदन को जमा किया गया है। वहीं कुछ आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी प्रिती किस्कू, प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कु. सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, जिला परिसद सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता, बरवेनगर मुखिया अमिता केरकेट्टा, जेएसएलपीएस बीपीएम अल्पना खलखो सहित सभी जनसेवक,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं हजारों की संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## गुमला में शूट की गई नागपुरी मूवी 'मोर संगी रे आइ लव यू' का प्रदर्शन आज से



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला की धरती पर शूट की गई नागपुरी मूवी मोर संगी रे आई लव यू का मगंलवार से प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। सोमवार को नगर भवन में अयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उक्त बातें नवीन केरकेट्टा ने कही। प्रेस कांफ्रेंस में मुंबई से आए नागपुरी मूवी के विलेन अली खान, प्रदीप काबरा, हीरो रवि, मनीता राज, निदेशक नवीन केर-केट्टा आदि ने पत्रकारों के समक्ष अपनी बातें रखी। अली खान ने कहा कि मोर संगी रे आई लव यू का रिस्पोंस गुमला के लिए रोजगार का द्वार खोलेगा। गुमला का प्राकृतिक वादियां और धार्मिक स्थल आकर्षण का केन्द्र है। यहां फिल्म शूटिंग की अपार संभावनाएं है। मूवी के कलाकारों ने निदेशक के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि नवीन की पहल पर गुमला में पहली बार मूवी की शूटिंग हुई है। मूवी एक बार हिट कर जाएगी तो हिन्दी और भोजपुरी मूवी के लिए भी इस क्षेत्र का प्रमोशन संभव है। ज्ञात हो कि नवीन केरकेट्टा के निर्देशन पर गुमला में भोजपुरी मूवी दुल्हन चाही बिहार के शूटिंग किया गया और उसी मूवी को नागपुरी में डब किया गया है। जिसे मंगलवार को पूर्वाह्न दस बजे से नगर भवन में प्रदर्शित किया जायेगा।

## अवैध बालू कारोबारी को किया गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुर्गू अंबाटोली गांव निवासी अवैध बालू कारोबारी सुरेश उरांव (35) को उसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया की सुरेश उरांव के विरुद्ध अवैध बालू उत्खनन करने, अवैध बालू भंडारण करने एवं अवैध रूप से बालू बेचने के आरोप में जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय ने जून 2022 में केस दर्ज कराया है। केस दर्ज होने के बाद से सुरेश उरांव फरार चल रहा था। रविवार को गुप्त सुचना के आधार पर मुर्गू अम्बाटोली स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया।

### नगर परिषद के दिवाली मेला का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

# शहरी आजीविका मिशन की महिला समूहों को दिया प्लेटफार्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को नगर परिषद के नवनिर्मित वेंडिंग जोन में स्वयं सहायता समूह की दीदीयों के द्वारा बनाये गये उत्पादों को इस दिवाली के अवसर पर नगर परिषद की ओर से एक प्लेटफार्म देते हुए दिवाली मेला का आयोजन शुरू किया गया है। उक्त दीवाली मेले का औपचारिक रूप से शुभारंभ जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान कई स्वयं सहायता समूह ने रंगोली भी बनाई। उद्घाटन मौके पर उपस्थित उपायुक्त ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अगर थोड़ा और बेहतर मार्केटिंग रणनीति सिखा दी जाये तो ये लोग न केवल स्वयं के परिवार के लिये बल्कि शहर की अर्थव्यवस्था के लिये महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। इस दौरान उन्होंने शहर के नागरिकों से भी अपील की कि वे इन स्वयं सहायता समूहों की बहनों का उत्साहवर्धन करने के लिए इस दिवाली मेला में आकर यथा संभव कुछ न कुछ सामान जरूर खरीदें। इस दौरान उपायुक्त ने सभी स्टालों में भ्रमण कर आयोजक दीदियों से जानकारी भी ली तथा उन्हें मार्गदर्शन भी दिया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि शहरी आजीविका मिशन के तहत शहर के अंतर्गत जितने महिला स्वयं सहायता समूह हैं उनको बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए नवाचारी तरीके अपनाये जायेंगे। पहले दिन 19 एसएचजी समूहों ने अपने अपने स्टाल लगाये।



### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

**इन स्टालों में दिवाली पूजा से संबंधित सामग्रियां जैसे रुई बत्ती, मिट्टी के दीये, करंज का तेल, झाड़ू, सजावट के सामान, मिट्टी के खिलौने, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, मोर पंख, लाई, मूड़ी, बताशा, श्रृंगार का सामान के अलावा हस्तनिर्मित कपड़े आदि मौजूद हैं। उद्घाटन अवसर पर वार्ड 20 की पार्षद ललिता गुप्ता, नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग, सीओ विमला देवी सहित बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलायें मौजूद थी।**

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा जिला समिति की बैठक संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा जिला समिति की बैठक रौनियार धर्मशाला गुमला में अयोजित की गई। किसकी अध्यक्षता प्रोफेसर भूषण महतो ने की। बैठक में दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के सात जिला जिसमें गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, लातेहार, दुमका एवं पश्चिम सिंहभूम जिले का गुमला में आगामी नवंबर माह में पिछड़ी जातियों का महासम्मेलन होना तय पाया है। उसी को लेकर विचार विमर्श किया गया। उपरोक्त 7 जिलों के रोस्टर में आरक्षण में 0 कर दिया गया है। जिससे राज्य सरकार के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय नियुक्तियों में पिछड़ी जातियों के अभ्यर्थियों को विभिन्न नौकरियों में विगत कई वर्षों से वंचित रहना पड़ रहा है। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के सदस्यों ने इस विषय पर रोष प्रकट करते हुए कहा है कि झारखंड सरकार से पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा मांग करती है कि अभिलंब रोस्टर में सुधार करने की दिशा में विधानसभा में एक आवश्यक मुद्दा समझते हुए हल करने के लिए अपील करती है। साथी ही उक्त बैठक में यह भी तय किया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सरकार तथा पिछड़ा वर्ग के सांसदों, विधायकों से मिलकर पिछड़े वर्ग की बेरोजगार अभ्यर्थियों की बेबसी और मनोदशा से जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। पिछड़ों को एकल पदों में राजनीतिक अधिकार दिलाने की भी मांग की जायेगी। बैठक में तेली उत्थान परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष नीलांबर साहू, कुशवाहा समाज के अध्यक्ष राजेश खन्ना, मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष आशिक अंसारी, विश्वकर्मा समाज के अजीत कुमार विश्वकर्मा, सोनी समाज के अरविंद सोनी इदरीसिया दर्जी समाज के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहजाद अनवर, नाई समाज के कपूर्री ठाकुर, केशरवानी समाज के बजरंग केशरी, सलमानी समाज के नुरुल होदा नेताजी, वह विभिन्न पिछले समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिये गुमला के मनोनित प्रतिनिधियों ने किया मतदान



**रमेश कुमार चीनी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है। चुनाव के जरीए अध्यक्ष का चुनाव होता है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिये रांची में सोमवार को मतदान किया गया। मतदान के लिए गुमला में मनोनित 12 प्रदेश प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बता दें कि प्रदेश प्रतिनिधि ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मतदाता होते है। जिसमे जारी प्रखंड से मानिक चंद साहू, डुमरी से राजनील तिग्गा, चैनपुर से आशिक अंसारी, रायडीह से चुमनु उरांव, गुमला से रमेश कुमार चीनी, घाघरा से शिवकुमार भगत, बिसनपुर से बॉबी भगत, सिसई से संगीता जायसवाल, भरनो मुरली मनोहर प्रासाद,कामडारा से रोशन बरवा , बसिया से चैतू उरांव एवं पालकोट प्रखंड से सुसैना लकड़ा ने अपना-अपना मतदान किया और नये अध्यक्ष के चचयन में अपनी भागीदारी निभायी। रमेश कुमार चीनी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है। चुनाव के जरीये अध्यक्ष का चुनाव होता है। नये अध्यक्ष के चयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रकिया के दौरान कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से भी मुलाकात की गई और कृषि प्रधान गुमला जिले की स्थिति से अवगत कराया गया है। साथ ही किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही क्षेत्र एवं जनता की समस्याओं को उनके माध्यम से उचित पटल पर रखने की बात कही गई है।

### आयोजन : चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# आदिवासी युवा क्लब टीटीए की टीम ने दो गोल मार कर जीत हासिल की

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के बदरी प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के खेल मैदान में स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति सह जतरा के अवसर पर चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ सोमवार को किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी समाजसेवी तेंबू उरांव, मुखिया फिरंगी उरांव सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शुभारंभ मैच आदिवासी युवा क्लब टीटीए बनाम ग्रीन स्टार बरांगपाट के बीच खेला गया। जिसमें आदिवासी युवा क्लब टीटीए की



टीम ने दो गोल मार कर जीत हासिल किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अमित चौधरी ने आयोजक समिति को खिलाड़ियों के लिए मंच प्रदान करने के लिये आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि खेल के माध्यम से अपना भविष्य संवारे। समाज की सबसे बड़ी बाधा नशा पान है आप युवा लोग नशा पान से दूर होकर एक बेहतर समाज बनाने में सहयोग करें। अंधविश्वास से दूर रहे डायन बिसाही जैसी कोई चीज नहीं होती। कानून उसे नहीं मानता है। आप सभी भी इस अंधविश्वास से दूर रहे। वही समाज सेवी तेम्बू उरांव ने कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं की छुपी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास को लेकर प्रत्येक साल स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के बाद हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। साथ ही समापन आगामी 27 अक्टूबर को होगी जिसमें जतरा का मुख्य आयोजन किया जायेगा।

### मौके पर इनकी रही मौजूदगी

**जतरा में सांसद विधायक के अलावे कई बुद्धिजीवी उपस्थित होंगे। मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रदीप उरांव, रामचंद्र उरांव, महेश उरांव, मुकेश मणि पाठक विष्णु उरांव, हरि मास्टर सहित कई खेल प्रेमी खिलाड़ी उपस्थित थे।**

## पीड़ित परिजनों की समस्याओं का समाधान किया जाये: मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत सीताराम बड़ाईक एवं लखन गोप के नेतृत्व में मिथुन गोप बंनंतरिया लुंगटु प्रखण्ड बसिया के निवासी के मामले को लेकर आवाज उठाया गया था।सीताराम बड़ाईक एवं लखन गोप ने बताया कि मिथुन गोप 11 हजार वोल्ट ग्रिड में कार्य करने के दौरान दुर्घटना हो गया था। बिजली विभाग के द्वारा इनके मामलों को लेकर उदासीन रवैया था। परिवारों एवं ग्रमीणों के द्वारा एफआइआर दर्ज कराने के लिये बसिया पुलिस स्टेशन को भी अवगत कराया था, लेकिन कोई भी सकारात्मक परिणाम नहीं आया था। मिशन बदलाव टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से मिथुन गोप के दाह संस्कार से लेकर सभी कार्यों में सहयोग किया गया। मिशन बदलाव सदस्यों ने बताया कि मुआवजा एवं अन्य मामलों को लेकर विभागों के द्वारा कोई संतोषजनक परिणाम नहीं आया था। पीड़ित परिजन के समस्या को लेकर मिशन बदलाव ट्वीटर टीम के राजकुमार के द्वारा प्रसाशन को सभी समस्याओं को लेकर अवगत कराया गया। पीड़ित परिवार के मामलों को लेकर मंत्री चंपई सोरेन एवं गुमला उपायुक्त ने संज्ञान लिया एवं विभागों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिजनों को सभी उचित मुआवजा प्रदान किया जाये।

## कृमि नियंत्रण की दवाई खिलायी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत प्रखंड के सभी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोर एवं किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई खिलायी गई। भदौली और सकरौली आंगनबाड़ी केंद्रों में वार्ड सदस्य कृष्णा कुमार साहु ने बच्चों को कृमि दवा खिलाकर इसकी शुरूआत की। सकरौली के सेविका अनीता देवी ने बताया कि जिन बच्चों किशोर एवं किशोरियों की आंतों में कृमि होती है उन्हें दवाई खाने पर मामूली लक्षण जैसे चक्कर आना, पेट में हल्का दर्द, उल्टी, दस्त और थकान महसूस हो सकती है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। मौके पर सेविका अनीता देवी, सहायिका सरस्वती देवी, होलिका कुमारी, गुड़िया देवी, अनिता कुमारी, स्वाति कुमारी, शिवानी कुमारी, शीला कुमारी के साथ बच्चे एवं मातायें उपस्थित थी।

## व्यापारी वर्ग के लोगों ने खुद से हटाया अतिक्रमण




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा से अतिक्रमण हटाने के फरमान अंचलाधिकारी के सुनाये जाने के बाद से ही लगातार घाघरा के व्यापारी वर्ग के लोग खुद से सरकारी जमीन से अपना अतिक्रमण हटाने में जुट गये हैं। इसी निमित्त दूसरे दिन भी लगातार व्यापारी वर्ग के लोगों ने अपने द्वारा किये गये। अतिक्रमण को मुक्त करते हुए बनाये गये निर्माण कार्य को ध्वस्त खुद से कर दिया साथ ही साथ व्यापारी वर्ग के युवा सदस्यों ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त घागरा बनाने के लिएये स्वयं व्यापारी वर्ग को आगे आना चाहिए। इसके लिए प्रशासन का हस्तक्षेप का जरूरत ना पड़े तो एक अच्छा संदेश जायेगा और अतिक्रमण मुक्त सड़क रहेगा तो निश्चित रूप से लोगों की आवाजाही में भी सुविधा मिलेगी।

## 50 हजार की परिसंपत्ति का वितरण और 357 आवेदकों ने दिया आवेदन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिरोड़ीह पंचायत स्थित चातम गांव में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां फूलों झांनो योजना अंतर्गत 50 हजार की परिसंपत्ति का वितरण किया गया जबकि अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 357 आवेदकों ने विभिन्न विभाग के स्टोलों पर आवेदन सौंपा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आइटीडीए डायरेक्टर इंदु गुप्ता, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, बीइओ प्रीति कुजूर सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर चलाये जाने वाली लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि आपके गांव आपके घर में आयोजन का उद्देश्य है कि आप सभी निर्भीक एवं निसंकोच होकर अपनी समस्या रख पाये। अंचलाधिकारी धनंजय पाठक ने कहा कि जमीन से संबंधित समस्या के लिये आवेदन करें उस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। जिसके उपरांत समाज कल्याण विभाग के द्वारा गोद भरायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत पंचायत अंतर्गत गरीब असहाय वृद्ध महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर जितेंद्र भगत, सतीश खलखो, संदीप उरांव, रुपाली कुमारी, संदीपा कुमारी सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

